E-mail: coeoffice@csjmu.ac.in

☎🖷: 0512-2246609
☎🖷: 0512-2246608

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
# CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा A++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./सी.ओ.ई./1135/2026

दिनांक : 21/08/2026

अतिमहत्वपूर्ण/समयबद्ध

सेवा में,

1. **प्राचार्य/प्राचार्या,**
   समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
   छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।
2. **निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी,**
   छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर।

**विषयः रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के क्रियान्वयन हेतु मेधावी छात्राओं का डाटा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

कृपया उपरोक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–सी0एस0जे0एम0वि0वि0/सी0ओ0ई0/1129/2026 दिनांक 18.08.2026 के पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित की जा रही रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत पात्र छात्राओं को स्कूटी वितरित किये जाने हेतु विवरण प्रेषित किये जाने की अन्तिम तिथि 21.08.2026 तक निर्धारित की गयी थी। महाविद्यालयों के अनुरोध पर छात्र/छात्राओं का विवरण प्रेषित किये जाने की **अन्तिम तिथि 24.08.2026 तक विस्तारित की जाती है।**

अतः आदेशानुसार विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त विभागों के निदेशक/विभागाध्यक्ष/प्रभारी एवं समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य/प्राचार्या से अनुरोध कि अपने विभाग/संस्थान/महाविद्यालय के स्कूटी योजना हेतु पात्र छात्राओं के उपर्युक्त विवरण पूर्ण कराकर एक्सल फाईल एवं सम्बन्धित अभिलेख/प्रमाण–पत्र (आधार कार्ड/आय प्रमाण पत्र/निवास प्रमाण–पत्र) अधोहस्ताक्षरी कार्यालय की ईमेल आईडी coeoffice@csjmu.ac.in पर **दिनांक 24.08.2026** तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें, जिससे रानी लक्ष्मी बाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत पात्र छात्राओं को स्कूटी वितरण हेतु अग्रेतर कार्यवाही समयान्तर्गत की जा सके। उक्त योजना शासन की प्राथमिकता में है इसलिए किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा विलम्ब न किया जाए।

**(राकेश कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
2. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
3. पी0एम0यू0 सेल/प्रभारी, कोडिंग।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

**परीक्षा नियंत्रक**